कोलकाता, शुक्रवार
15.07.2022
श्रावण कृष्ण 2 संवत 2079
पृष्ठ 12, मूल्य ₹ 5
शिल्पांचल संस्करण

# प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन

prabhatkhabar.com

कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित

आज़ादी का अमृत महोत्सव

देश की खातिर 30 वर्ष तक जेल में रहे त्रैलोक्यनाथ

पेज 11



# डीपीएस के प्राचार्य 'प्रिंसिपल ऑफ द इयर' अवार्ड से हुए सम्मानित




**आसनसोल.** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्राचार्य आरडी शर्मा को प्रतिष्ठित संस्था यूनिवर्सल मेंटोर्स एसोसिएशन द्वारा 'प्रिंसिपल ऑफ द इयर-2022' अवार्ड से सम्मानित किया गया है. आठ जुलाई को नयी दिल्ली स्थित होटल इरोस में यूनिवर्सल मेंटोर्स एसोसिएशन द्वारा 'ऐडू लीडर्स समिट-2022' का भव्य आयोजन किया गया जिसमें देश-विदेश के लगभग 500 शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया. इस समिट के दौरान गतिविधियों में शिक्षा से संबंधित विभिन्न ज्वलंत विषयों पर चर्चा, गोष्ठी, परिचर्चा तथा व्यक्तिगत विचार प्रस्तुति दी गयी, जिसमें वैचारिक मौलिकता, शिक्षा में नवाचार, नवोन्वेषण,नवीनता, नवीन शिक्षानीतिका व्यावहारिक क्रियान्वयन व उपयोगिता उल्लेखनीय रहे. प्रिंसिपल ऑफ द इयर अवार्ड के लिए देश-विदेश के 1000 से भी अधिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों ने नामांकन किये, लेकिन केवल 100 प्रधानाचार्यों को ही उपर्युक्त अवार्ड के लिए चुना गया, जिसमें आरडी शर्मा का नाम शामिल होना समस्त विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत हर्ष व गौरव का विषय समस्त अध्यापकों व कार्यालय कर्मियों ने प्रधानाचार्य को उक्त अवार्ड प्राप्ति के लिए बधाई दी.गौरतलब है कि आरडी शर्मा शिक्षा जगत को अपने अनुभव, विषयगत विशिष्ट ज्ञान व प्रयासों से विगत ढाई दशक से आलोकित कर रहे हैं. एक प्रधानाचार्य के रूप में छात्रों के सर्वांगीण विकास व शिक्षा व्यवस्था में निरंतर अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहे हैं. दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्रो-वाइस-चेयरमैन प्रतीक गोयनका ने भी प्रधानाचार्य को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है.